ग्रेनो मेट्रो को दो दिन में रिकॉर्ड तोड़ यात्री मिले

ग्रेटर नोएडा | मुख्य संवाददाता

ग्रेटर नोएडा मेट्रो को ऑटो एक्सपो से बड़ा फायदा मिला है। एनएमआरसी से मिले आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को 30,385 लोगों ने ग्रेटर नोएडा मेट्रो की सवारी की थी। वहीं, शनिवार को मेट्रो में सवारी करने वालों की संख्या बढ़कर 32,923 पहुंच गई। एक्वा लाइन मेट्रो में औसत दैनिक यात्रियों की संख्या 20-25 हजार होती है।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा मेट्रो की दैनिक राइडरशिप पहले कभी इससे ज्यादा नहीं रही है। पिछले तीन दिनों से नोएडा सेक्टर-51 के मेट्रो स्टेशन पर टिकट खरीदने वालों की भीड़ रहती है। दरअसल, ऑटो एक्सपो में जाने के लिए जो लोग एक्वा लाइन मेट्रो का उपयोग कर रहे हैं, उनके पास इसके स्मार्ट कार्ड नहीं है। उनमें ज्यादातर यात्रियों ने पहली बार ग्रेटर नोएडा मेट्रो की सवारी की है।

ऑटो एक्सपो का आयोजन कर रही सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोटिव मैन्युफेक्चर्रस (एसआईएएम) के अनुसार शुक्रवार को 70,000 से अधिक लोग ने ऑटो शो देखा। मतलब करीब 45 प्रतिशत दर्शकों ने ऑटो एक्सपो में आने के लिए ग्रेटर नोएडा मेट्रो से सफर किया। शनिवार को एक लाख से ज्यादा दर्शक पहुंचे थे।

फायदा

- सेक्टर-51 के मेट्रो स्टेशन पर टिकट खरीदने वालों की भीड़
- ज्यादातर यात्रियों ने पहली बार ग्रेटर नोएडा मेट्रो की सवारी की

30 हजार से ज्यादा लोगों ने शुक्रवार को नोएडा ग्रेटर नोएडा मेट्रो की सवारी की

32 हजार से अधिक लोग शनिवार को मेट्रो के जरिए ऑटो एक्सो देखने के लिए गए

एनएमआरसी ने फेरों के बीच समय घटाया था : यही वजह थी कि ऑटो एक्सपो को ध्यान में रखकर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपारेशन ने फेरों के बीच का समय घटाया था। सामान्य दिनों में दो मेट्रो के बीच 10 मिनट का समय होता है। अब इसे घटाकर पांच और छह मिनट कर दिया गया है। यह व्यवस्था 12 फरवरी की रात 11 बजे तक लागू रहेगी। एसआईएएम को उम्मीद है कि अंतिम दिन तक दर्शकों की संख्या छह लाख के पार पहुंच सकती है।